प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 25.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर **मन की बात** कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की **127वीं** कडी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

0000

जयपुर के नये पुलिस कमिश्नर एडीजी सचिन मित्तल ने आज पदभार ग्रहण किया। कमिश्नरेट में मीडियाकर्मियों से बातचीत में श्री मित्तल ने कहा कि पुलिसिंग टीमवर्क है और आने वाले समय में उनकी प्राथमिकता कानून व्यवस्था के लिए टीम को साथ लेकर मजबूती से काम करने की रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बात के प्रयास किये जायेंगे कि लोगों की समस्याओं का समाधान थानों पर ही हो जाये।

.....

00000

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने विंटर शेड्यूल की घोषणा कर दी है। ये शेड्यूल कल से शुरू होकर अगले साल 28 मार्च तक लागू रहेगा। इस बार भूटान के पारो और वियतनाम के हनोई के लिये उडान शुरू होगी। वहीं साथ ही नागपुर, नवी मुम्बई और नोएडा के लिए जयपुर से सीधी एयर कनेक्टिविटी रहेगी। अब जयपुर से देश के 37 प्रमुख गंतव्य तक यात्रा की जा सकेगी। समर शेड्यूल की तुलना में अब उडानों की संख्या बढकर 86 हो जायेगी।

00000

पाली जिले के रोहट में कार के पलटने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मृत्यु हो गई और 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें जोधपुर रैफर किया गया है। हादसा कार का टायर फटने के बाद बेकाबू होकर पलटने से हुआ। कार सवार लोग गुजरात के थे और रामदेवरा के दर्शन कर लौट रहे थे। उधर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर पोमावा पुलिया के पास एक कार और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

0000

सूर्य अराधना का महापर्व डाला छठ, आज से नहाय खाय के पावन अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ। चार दिन तक चलने वाले लोक आस्था के इस पर्व में अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। इस पर्व में कल खरना और 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। 28 अक्टूबर को उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ पर्व का समापन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस पर्व को सादगी संयम और नियम निष्ठा का प्रतीक बताते हुए देशभर के श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है।

0000

राज्य में बीते 24 घंटों में मौसम में कहीं–कहीं बदलाव देखा गया। पूर्वी हिस्सों छबडा, बारां, बकानी और झालावाड़ में हल्की बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम 13 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर में दर्ज हुआ। वहीं 21 अन्य शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। उधर बाडमेर में दिन का तापमान 37 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, और जालोर में भी अधिकतम तापमान 35 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा। राज्य में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से उदयपुर और कोटा संभाग में कुछ स्थानों पर बादल छाये रहने और हल्की बारिश के आसार है।

0000

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से बुजुर्गो के लिए अटल क्लब की शुरूआत की गई है। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और निगम की महापौर सौम्या गुर्जर ने कल इसका लोकार्पण किया। महापौर ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए बनाया गया ये राज्य का पहला क्लब है। यहां वरिष्ठजनों की सभी प्रकार की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से उन्हें मनोरंजन, चर्चा और संवाद करने के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

0000